नाम.................. अनुक्रमांक..................

**A/20,000**

# वार्षिक परीक्षा, 2022
# सामाजिक विज्ञान
# कक्षा-9

**समय : 3 घण्टा 15 मिनट]** **[ पूर्णांक : 70**

---

**निर्देश—**(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों 'अ' एवं 'ब' में विभाजित है।

(iii) खण्ड 'अ' में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iv) खण्ड 'ब' 50 अंकों का है। इसमें वर्णनात्मक-1 वर्णनात्मक-2 एवं मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं—'क' विश्व का मानचित्र, 'ख'—भारत का मानचित्र।

(v) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vi) दिए गए मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

## खण्ड–अ
## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. रूस में प्रथम क्रान्ति कब हुई ? 1

(a) 1905 में (c) 1917 में
(b) 1978 में (d) 1919 में

2. वाटरलू की लड़ाई में किसकी पराजय हुई ? 1

UPBoardHub

(a) रूसो की
(b) नेपोलियन की
(c) डेस्मानिया की
(d) रोबेस्पेयर की

3. फ्रांस के शासक लुई 16वें को फाँसी पर चढ़ाया गया— 1

(a) 1791 ई. में
(b) 1793 ई. में
(c) 1789 ई. में
(d) इनमें कोई नहीं

4. 'द स्पिरिट ऑफ द लॉज' नामक पुस्तक का लेखक कौन है ? 1

(a) लॉक
(b) रूसो
(c) मोंटेस्क्यू
(d) मैकियावेली

5. निम्नलिखित में से किस वर्ग पर कोई कर नहीं लगता था ? 1

(a) श्रमिक वर्ग पर
(b) तृतीय वर्ग पर
(c) पादरियों पर
(d) विकलांगों पर

6. लोकतन्त्र किस राजनीतिक सिद्धान्त पर आधारित है ? 1

(a) दलगत राजनीति
(b) समानता
(c) विचार-विमर्श
(d) ये सभी

7. संविधान सभा का गठन किस वर्ष किया गया ? 1

(a) 1946 ई. में
(b) 1947 ई. में
(c) 1948 ई. में
(d) 1950 ई. में

8. भारत के संविधान में कितने मौलिक अधिकार हैं ? 1

(a) 5
(b) 6
(c) 7
(d) 9

9. डेमोक्रेसी किस भाषा का शब्द है ? 1

UPBoardHub

(a) हिन्दी (c) अरबी
(b) संस्कृत (d) यूनानी

10. संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे— 1

(a) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर (c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(b) मोतीलाल नेहरू (d) पं. जवाहरलाल नेहरू

11. पश्चिम बंगाल में तुफान को कहते हैं— 1

(a) कोरियालिस बल विक्षोभ
(b) काल वैशाखी (d) जेट धाराएँ
(c) पश्चिमी चक्रवातीय

12. भारत सरकार द्वारा विस्तृत परिवार नियोजन कार्यक्रम शुरू किया गया— 1

(a) 1952 में (c) 1958 में
(b) 1957 में (d) 1959 में

13. भारत में किस राज्य की साक्षरता दर सबसे अधिक है ? 1

(a) पश्चिम बंगाल (c) आंध्र प्रदेश
(b) केरल (d) राजस्थान

14. ग्रीष्म ऋतु में उत्तरी मैदानों में बहने वाली पवन को क्या कहते हैं ? 1

(a) काल वैशाखी (c) व्यापारिक पवनें
(b) लू (d) इनमें से कोई नहीं

15. पश्चिम बंगाल का शोक किस नदी को कहते हैं— 1

(a) दामोदर नदी
(b) सिन्धु नदी
(c) ताप्ती नदी
(d) नर्मदा नदी

16. स्वतन्त्रता के बाद भारत की सबसे कठिन चुनौती क्या है ? 1

(a) कुपोषण
(b) बाल मजदूरी
(c) बेरोजगारी
(d) निर्धनता

17. अंत्योदय कार्ड किनके लिए होते हैं ? 1

(a) गरीबों में सर्वाधिक गरीब
(b) सभी व्यक्तियों के लिए
(c) औसत आय वाले लोग
(d) निर्धनता रेखा से नीचे वाले लोग

18. स्वर्ण जयन्ती ग्रामीण रोजगार योजना शुरू की गई— 1

(a) 1997 में
(b) 1999 में
(c) 2001 में
(d) 2003 में

19. उड़ीसा राज्य का कौन-सा जिला अकाल से पीड़ित रहता है ? 1

(a) कालाहाण्डी
(b) कोरापुट
(c) मयूरभंज
(d) कटक

20. विश्व में सबसे अधिक निर्धन निवास करते हैं— 1

(a) अमेरिका में
(b) भारत में
(c) चीन में
(d) प्रत्येक देश में

## खण्ड–ब

**वर्णनात्मक—1 (उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए)**

UPBoardHub

1. सन् 1917 की क्रान्ति के बाद रूस प्रथम विश्व युद्ध से क्यों अलग हो गया ? 4

**अथवा**

चरवाहा समुदाय की जिंदगी किन-किन बातों पर टिकी हुई है ? संक्षेप में बताइए।

2. जनता लोकतन्त्रात्मक सरकार क्यों चाहती है ? समझाइए। 4

**अथवा**

संविधान से आप क्या समझते हैं ? इसे नियमित रूप से संशोधित करने की आवश्यकता क्यों होती है ? 2+2

3. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति से आप क्या समझते हैं ? इसकी मुख्य विशेषताएँ बताइए। 2+2

**अथवा**

मौसम और जलवायु में अन्तर बताइए।

4. भारत में महिला साक्षरता दर बहुत पीछे है। इसके उत्तरदायी दो कारण बताइए। 2+2

**अथवा**

भारत में खाद्य सुरक्षा को स्पष्ट कीजिए। इसकी आवश्यकता के दो कारण बताइए।

**वर्णनात्मक—2 (उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए)**

5. फ्रांस की क्रान्ति कब हुई ? विश्व पर इसका क्या प्रभाव पड़ा ? विस्तार से समझाइए। 2+4

**अथवा**

UPBoardHub

घुमन्तू चरवाहा समुदायों की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। 6

6. भारत में प्रधानमंत्री का चुनाव कैसे होता है ? इसकी शक्तियाँ एवं कार्य बताइए। 2+4

**अथवा**

भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 6

7. भारत में जनसंख्या घनत्व के वितरण पर प्रकाश डालिए। 6

**अथवा**

उत्तर के विशाल मैदान का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

8. जनसंख्या वृद्धि किसे कहते हैं ? भारत में जनसंख्या वृद्धि से होने वाली समस्याएँ बताइए। 2+4

**अथवा**

हरित क्रान्ति किसे कहते हैं ? भारत को आत्मनिर्भर बनाने में हरित क्रान्ति के महत्व को बताइए।

**(मानचित्र कार्य)**

9. (क) निम्नलिखित स्थानों को दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में ⊙ चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए—

(a) केन्द्रीय शक्ति में सम्मिलित किसी एक देश का नाम। 1

(b) मित्र शक्ति में सम्मिलित किसी एक देश का नाम। 1

(c) भारत के उस राज्य का नाम जहाँ राइका समुदाय के लोग रहते हैं। 1

(d) चीन देश की राजधानी का नाम। 1

(v) इंग्लैंड की राजधानी का नाम। 1

UPBoardHub

(ख) भारत के दिए गए मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए—

(a) गंगा नदी का उद्गम स्थल $\approx$ चिन्ह द्वारा नाम सहित। 1

(b) थार का मरुस्थल चिन्ह द्वारा नाम सहित। 1

(c) चाय उत्पादक एक क्षेत्र चिन्ह द्वारा नाम सहित। 1

(d) उत्तराखण्ड की राजधानी $\odot$ चिन्ह द्वारा नाम सहित। 1

(v) दिल्ली से गुवाहाटी रेलमार्ग [height=1.2em]railmark.png चिन्ह द्वारा नाम सहित। 1

UPBoardHub